संख्या-222/2016/983/22-2-2016-17(153)/2011

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 03 नवम्बर, 2016***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी भागवत पुत्र श्री खूबलाल, निवासी-जनपद-गोरखपुर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-17010/प्रो0-5-दया0-अन्य-118/19-05-2016 दिनांक 01-06-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी भागवत पुत्र श्री खूबलाल, निवासी ग्राम-डागीपार, थाना-खोरावार, जिला-गोरखपुर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा सभापति के चुनाव में उपजे विवाद को लेकर दिनांक 19.06.1973 को 50 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, फरसा, बल्लम व देशी कट्टों से मारकर 09 व्यक्तियों की हत्या कारित की गयी। उक्त अपराध के लिए बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-ए 414/74 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302/149, 395, 307/149, 324/149, 201/149 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गोरखपुर द्वारा दिनांक 24-04-1976 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी के 19 सहअभियुक्त मा0 सत्र न्यायालय द्वारा दोषमुक्त, 05 सहअभियुक्त मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय के पूर्व मृत्यु, 02 सहअभियुक्तों की मृत्यु, तथा 14 सहअभियुक्त कारागार में सजा भुगत रहे है। बन्दी द्वारा दिनांक 05.05.2016 तक 14 वर्ष 07 माह 26 दिन की अपरिहार एवं 19 वर्ष 06 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर ने बन्दी द्वारा कारित अपराध समाज समाज को व्यापक रूप से प्रभावित किये बिना व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में आने, बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं होने, बन्दी को जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने तथा बन्दी के परिवार की समाजिक आर्थिक दशा बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की है। दयायाचिका समिति ने बन्दी के कारित अपराध की प्रकृति, जिला मजिस्ट्रेट तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आख्या के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि विषयांकित बन्दीभागवत (बन्दी संख्या-42217) पुत्र श्री खूबलाल, निवासी-जनपद-गोरखपुर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

भवदीय,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-222/2016/983/(1)/22-2-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in